प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज आईआईटी कानपुर के 65वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल : छात्रों से रक्षा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का किया आह्वान।
2. त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने चलाई सात हजार चार सौ पैंतीस विशेष ट्रेनें : प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण के लिए भी किए गए खास इंतज़ाम।
3. प्रदेशभर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा ह गोवर्धन पूजा का पर्व : मथुरा में गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा के लिये बडो संख्या में पहुंचे श्रद्धालु।

और

4. राज्य में आज अलग–अलग सड़क हादसों में 10 की मौत, 18 से अधिक लोग हुए घायल।

———————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज एक दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने आईआईटी कानपुर के 65वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस मौके पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आईआईटी कानपुर के 18 पूर्व छात्रों को उन्होंने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि आईआईटी कानपुर की प्रतिभा की

चर्चा दुनिया भर में होती है और यहां से पढ़ना गर्व की बात है। उन्होंने आईआईटी कानपुर के शोधकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी रूप से उच्च तकनीक विकसित करें, जिससे विकसित भारत का सपना पूरा हो सके। बाइट........

*मैं आज इस टेक्नोलॉजी के मंदिर में आपसे यह अपील करने आया हूं कि भारत जिन हाई एंड टेक्नोलॉजी को इम्पोर्ट कर रहा है उसे भारत में ही डेवलप किया जाये, तब कही जाकर हम वास्तविक तौर पर आधुनिक और विकसित भारत मॉडर्न और डेवलप भारत बना पायेंगे। साथियों मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि सरकार आपके साथ हर कदम पर खड़ी है। सरकार इसके लिये सारे स्टेक होल्डर्स को, सक साथ लेकर चलने के लिये पूरी तरह से मिटेड है, हमारा यह प्रयास है कि अकेडिमिया और गर्वमेंट मिलकर भारत को डिफेंस सेक्टर में सेल्फ रिलायंट बनाने का प्रयास करे।*

रक्षा निर्यात के क्षेत्र में देश की बढ़ती हिस्सेदारी का उल्लेख करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ वर्ष पहले देश का वाषिक रक्षा निर्यात लगभग छह सौ करोड़ रुपये था, जो अब 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। बाइट......

*सेल्फ रिलायंट डिफेंस सेक्टर में बनेंगे। मैं देश का रक्षामंत्री होने के नाते पूरे कांफिडेंस से कहना चाहता हूं। एक ही उदाहरण आपके सामने रखना चाहूंगा कि एक समय था आज से 7, 8 साल पहले भारत से जो डिफेंस एक्सपोर्ट होता था वह ऐपराक्सिमेटली 6 सौ करोड़ का था। आज हम मोरदन 23 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट कर चुके हैं और मैं आपको पूरे कांफिडेंस के साथ कह सकता हूं कि दो हजार 29–30 तक आते–आते भारत डिफेंस आईटम का 50 हजार करोड़ से ज्यादा का एक्सपोर्ट करेगा।*

इससे पहले रक्षामंत्री ने कानपुर में हरिहर धाम पहुंचकर अपने गुरु हरिहर दास महाराज का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने एडवांस वेपंस एंड इक्यूमेंट इंडिया लिमिटेड की यूनिट फोल्ड गन फैक्ट्री पहुंचकर प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वेदशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया।

---

त्योहारों के मौसम को देखते हुए भारतीय रेलवे ने लोगों के आवागमन को सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में कई विशेष रेल गाड़िया चलाई जा रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे सुरक्षा बल और रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की सराहना की है। बाइट.....

*दीपावली और छठ का जो महापर्व होता है, इस महापर्व के लिए पिछले साल एक रिकॉर्ड संख्या में साढे चार हजार स्पेशल ट्रेने चलाई गई थी और इस साल उससे भी अधिक सात हजार चार सौ 35 स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही है। अभी तक 51 लाख पीपल हैव ट्रवेलेड बायदी स्पेशल ट्रैंस।*

वहीं लखनऊ मंडल में यात्रियों की स़ुविधा के लिए भी कई कदम उठाए गये हैं। कल उत्तर मध्य रेलवे ने 4 विशेष गाड़ियाँ चलाईं थीं। वहीं आज 3 विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं। इसके अलावा आज 38 ट्रेनें उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजर रही हैं। कल यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा के लिए 6 विशेष गाड़ियां चलाई जाएंगी। वहीं 32

गाड़ियाँ उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजरेंगी। स्पेशल ट्रेनों के साथ–साथ स्टेशनों पर पब्लिक होल्डिंग एरिया का विस्तार किया गया है।

बुकिंग विंडो के अलावा टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से भी यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के जरिए स्वयं टिकट बुक करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक एसएम शर्मा ने बताया कि लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के अलावा वाराणसी कैंट और अयोध्या रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए खास बंदोबस्त किया गया है। बाइट.....

*सत्ताइस तारीख से ही नौ तारीख तक स्पेशल चल रही हैं। पहले दीवाली और फिर छठ के लिए जो स्पेशल हैं। वो चल रही हैं बिहार माउंट्स स्पेशल है काफी अगर मैं लखनऊ मण्डल की बात करू तो आज की तारीख में हमारे यहां करीब 50 स्पेशल ट्रेन्स हैं, जो लखनऊ मंडल के एक्रोस चल रही है और इसमें काफी सारी बिहार की तरफ हैं और नही तो गोरखपुर डाईरेक्शन के लिए हैं और ये ज्यादातर नई दिल्ली से आनंद बिहार, अमृतसर, जम्मू, लखनऊ इस साइड से आ रही है। कुछ तो गुजरात से गोरखपुर और मुम्बई से गोरखपुर की तरफ भी जा रही है।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम कल से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक बनाये गये सभी आरक्षित टिकट मान्य रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि एकसठ से एक सौ बीस दिन की अवधि में कराए गए आरक्षण के इक्कीस प्रतिशत टिकट रद्द करवा दिए जाते हैं। दिन के समय चलने वाली ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस जैसी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के लिए अग्रिम आरक्षण की कम समय की अवधि जारी रहेगी।

——————

दीवाली के पंच पर्व की श्रृंखला में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व प्रदेश भर में श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगावार ने अन्नकूट पर्व के अवसर पर बरेली के त्रिवटीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उधर, श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में अन्नकूट

पर्व के अवसर पर भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर श्रीकाशी विश्वनाथ महादेव का 2 क्विंटल मिष्ठान से श्रृंगार किया गया। वहीं काशी विश्वनाथ परिसर में स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में आज रात साढ़े 11 बजे महाआरती के बाद एक साल के लिए मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाएंगे। वहीं मथुरा के श्री द्वारिकाधीश मंदिर में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गोबर के बनाए गए श्रीगिरिराज महाराज का मंत्रोच्चारण के साथ विधि–विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य देव के दर्शन किए। मथुरा–वृंदावन में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट..........

*विदेशियों और स्थानीय लोगों के साथ ही देश भर से आये श्रद्धालुओं मथुरा–वृंदावन और गोवर्धन इलाके में मौजूद भगवान कृष्ण के विभिन्न मंदिरों में प्रभु की आराधना कर रहे हैं। इसके साथ ही बडी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा भी कर रहे हैं। आज भक्त भगवान को 56 भोग का प्रसाद अर्पित करते हैं। जिससे अन्नकूट भी कहा जाता है। इस अवसर पर लोग अपनी गायों को भी सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। कल द्वारकाधीश मंदिर में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया था, जबकि कई मंदिरों में आज गोवर्धन पूजा मनाई जा रही है। सुशील चंद्र तिवारी,आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————

प्रदेश की जेलों में बंद पुरुषों को उनकी बहनें भैयाद्ज के अवसर पर तिलक लगा सकेंगी। वहीं जो महिलाएं जेल में बंद है, उन्हें भी अपने भाइयों को तिलक लगाने का

अवसर मिलेगा। इसके लिए प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अपने निर्देश में उन्होंने कहा है कि श्रद्धा एवं आस्था के पर्व भाई दूज के शुभ अवसर पर बंदियों को उनके भाई बहनों से मिलने की समुचित व्यवस्था की जाए।

—————————

प्रदेश में आज अलग–अलग सड़क हादसो में 10 लोगों की मौत हो गई और 18 से अधिक लोग घायल हो गये। आज सुबह बिजनौर में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसा एक कार के खम्बे से टकरा जाने से हुआ। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बलरामपुर में, बलरामपुर–बढ़नी मार्ग पर एक रोडवेज बस की कार से टक्कर हो जाने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर अंबेडकरनगर और बस्ती सीमा पर एक बस और कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना टांडा कलवारो पुल के पास बस्ती जिले में हुई। वहीं मिर्जापुर में सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

—————————

राज्य सरकार ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 के दूसरे चरण के लिए अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवंबर तक  ओ–लेवल और ट्रिपल–सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर थी। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा युवा इस कार्यक्रम से जुड़ सकें, इसलिए आवेदन तिथि में विस्तार किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 9 हजार से अधिक आवेदक अपने आवेदन को अंतिम रूप से जमा कर चुके हैं। 25 नवंबर से चयनित युवाओं का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

(समाप्त)